# अपनी बात

अंक : 527 वर्ष 42

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 28 फरवरी, 2018


## कोयला सचिव ने सीसीएल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की



समीक्षा बैठक में कोयला सचिव श्री सुशील कुमार, अध्यक्ष कोल इंडिया श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री सुशील कुमार ने विगत 21 फरवरी को मुख्यालय के "कोयला कक्ष" में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में श्री सुशील कुमार ने कोयला प्रेषण पर समीक्षा करते हुए कहा कि आप सभी आवश्यक कदम उठायें जिससे वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 में कोल इंडिया की सभी सात अनुषंगी कंपनियां कोयला उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। कोयला सचिव ने अगले वित्तीय वर्ष 2018–19 के कोयला उत्पादन के लक्ष्य की समीक्षा करते हुए कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन लक्ष्य 650 मिलियन टन निर्धारित है। श्री सुशील कुमार ने उपस्थित सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी से कहा कि आप उन सभी परियोजनाओं के लिए जल्द से जल्द पर्यावरण और फोरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त करें जिससे अगले वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति में उन परियोजनाओं का भी योगदान हो सके। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के सभी सीएमडी ने भी बैठक के दौरान अपने–अपने विचार रखे।

अध्यक्ष, श्री गोपाल सिंह ने कोल इंडिया कर्मियों की ओर से श्री सुशील कुमार का स्वागत करते हुए उपस्थित सभी सीएमडी से कहा कि आप सभी क्षेत्रों का दौरा करें और कर्मियों को प्रेरित कर उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति हेतु उनका मनोबल बढ़ाये। उन्होंने निर्देश दिया कि सामंजस्य के साथ मुख्यालय सभी क्षेत्रों को हरसंभव सहयोग प्रदान करे।

## अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री गोपाल सिंह लीडरशीप अवार्ड से सम्मानित



अध्यक्ष कोल इंडिया श्री गोपाल सिंह

विगत 09 फरवरी को हैदराबाद में तेलंगाना राज्य उर्जा विभाग एवं ईलेटस टेक्नोमीडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित "नेशनल पावर समिट–2018" में हमारे अध्यक्ष, कोल इंडिया/सीएमडी, सी.सी.एल. श्री गोपाल सिंह को 'लीडरशीप अवार्ड' से सम्मानित किया गया। श्री सिंह के कुशल नेतृत्व में सीसीएल द्वारा पिछले पांच वर्षों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सीएमडी सीसीएल एवं कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुए सीएमसी विभाग के महाप्रबंधक (खनन), श्री राजीव सिंह ने ग्रहण किया।

## श्री आर एस महापात्र "एचआर सुपर अचिवर्स अवार्ड" से सम्मानित




निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र अवार्ड ग्रहण करते हुए

विगत 16 फरवरी को ताज लैण्डस, मुम्बई में आयोजित 'वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस ('एचआर सुपर अचिवर्स पीएसयू)" में निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र को पीएसयू कैटेगरी में "एचआर सुपर अचिवर्स अवार्ड" से सम्मानित किया गया। श्री महापात्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

## "माईन्स सुरक्षा" कार्यशाला का आयोजन

विगत 24 फरवरी को निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चंद्रा की अध्यक्षता में "माईन्स सुरक्षा" पर एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्यालय स्थित निदेशक (तक.–यो./परि.) के सभागार में आयोजन किया गया।

कार्याशाला में निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चंद्रा ने श्रमिकों एवं अनुबंध श्रमिकों की सुरक्षा में और बेहतर सुधार, सुरक्षा प्रबंधन संयंत्र आदि के कार्यान्वयन पर उपस्थित सभी से विचार–विमर्श किया और खान सुरक्षा को और बेहतर करने पर बल दिया। इस कार्यशाला में विशेषकर खदानों की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में पूर्व महाप्रबंधक (डब्ल्यूसीएल) श्री दीपक झा, एक्ट्रोज नल सेफ्टी ऑडिट टीम के सदस्यगण श्री एमके गुप्ता, डीडीएमएस, डीजीएमएस एसईजेड, रांची, महाप्रबंधक (सेफ्टी) सीसीएल, श्री एस.वी. मराठे, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) श्री बी.के. झा, एस एंड आर डिवीजन, कोल इंडिया के साथ मुख्यालय एवं क्षेत्रिय महाप्रबंधक सहित आईएसओ सदस्यों (मुख्यालय) ने भाग लिया साथ ही सुरक्षा बोर्ड के सदस्य श्री उदय कुमार सिंह, श्री आर एन सिंह, मो. इस्लाम हुसैन, श्री जे पी झा, श्री अरुण कुमार सिंह एवं अन्य भी इस कार्यशाला में उपस्थित थे।




कार्याशाला में निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चंद्रा उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

## राजभाषा पर कार्याशाला का आयोजन

मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में विगत 09 फरवरी को राजभाषा पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस कार्याशाला में सीसीएल मुख्यालय के साथ–साथ क्षेत्रों से आए प्रबंधन प्रशिक्षु एवं सहायक प्रबंधको ने इस कार्याशाला में भाग लिया।

कार्याशाला का आयोजन दो सत्र में किया गया। प्रथम सत्र में राजभाषा विभाग के सहायक प्रबंधक (राजभाषा), डॉ. निवेदिता बनर्जी ने राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी 14 दस्तावेज एवं हिन्दी संबंधित नई गतिविधियां के विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में प्रबंधन प्रशिक्षु (राजभाषा), श्री देविक दिवेश ने कार्याशाला के दौरान राजभाषा से संबंधित सामान्य ज्ञान, अनुवाद एवं अन्यं शब्दों की तकनीकी के बारे में बताया।

22 फरवरी को सी.सी.एल. में रांची स्थित लोक–उपक्रमों के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यालय के "विचार मंच" में महाप्रबंधक (कार्मिक/एनईई) श्रीमती विनीता शरण की अध्यक्षता में किया गया।

## शहीद लेफ्टिनेंट संकल्प शुक्ला (शौर्य गाथा)




शौर्य सम्मान समारोह में सीमएडी श्री गोपाल सिंह शहीद संकल्प शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती प्रिया शुक्ला को सम्मानित करते हुए




निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र शहीद संकल्प शुक्ला की माता श्रीमती पुष्पा शुक्ला को सम्मानित करते हुए

शौर्य चक्र से सम्मानित रांची के लाल लेफ्टिनेंट कर्नल शहीद संकल्प शुक्ला के पिता श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला सीसीएल के भूतपूर्व इंजीनियर थे। भारत सरकार ने झेलम नदी पर निर्मित पुल झारखंड के शहीद संकल्प शुक्ला के नाम राष्ट्र को समर्पित किया है। यह जम्मू–कश्मीर के उरी जिले में उसी जगह पर अवस्थित है, जहाँ फिदायिन हमले में वे शहीद हो गये थे। इस पुल का उद्घाटन विगत 28 जून, 2017 को शहीद संकल्प की पत्नी श्रीमती प्रिया संकल्प शुक्ला और माता श्रीमती सुषमा शुक्ला द्वारा किया गया था। विदित हो कि उरी के महुरा में 05 दिसम्बर, 2014 को आंतकवादियों से हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए संकल्प शुक्ला शहीद हुए थे। अपना सर्वस्व देश के लिए न्योछावर कर भारत माता की अप्रतिम सेवा के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। इससे पहले रांची के मोरहाबादी मैदान में भी शहीद संकल्प की याद में वाटिका का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड श्री रघुबर दास द्वारा किया जा चुका है। इसी तरह झारखंड की राज्यपाल महोदया माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पिछले 11 दिसम्बर, 2017 को लेफ्टिनेंट जेनरल जे. एस. शंभु की उपस्थिति में खेलगांव चौक से खेलगांव तक की सड़क का उद्घाटन "शहीद संकल्प रोड" के नाम पर किया।

> "आईये हम यह प्रार्थना न करें कि हमारे ऊपर खतरे न आएं, बल्कि यह प्रार्थना करें कि हम उनका निडरता से सामना कर सकें"
>
> –रबीन्द्रनाथ टैगोर

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, उप–प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)